मेरे श्याम की चौखट पे जो भी झुक जाता है भजन लिरिक्स

मेरे श्याम की चौखट पे,
जो भी झुक जाता है,
जो हार के आता है,
सांवरा उसे जिताता है,
उसका हो जाता है,
मेरे श्याम की चौंखट पे।bd।

तर्ज – जब हम जवां होंगे।

अपने भगत को,
हारने नहीं देता है,
हारे हुओ को,
बाहों मे भर लेता है,
जब कोई नहीं हो साथ,
साथ उसके हो जाता है,
ये उसे जिताता है,
मेरे श्याम की चौंखट पे।bd।

एक कदम जो,
श्याम की ओर बढ़ाओगे,
कदम कदम पर,
श्याम को साथ में पाओगे,
अपने प्रेमी को दुखी,
सांवरा देख ना पाता है,
ये उसे जिताता है,
मेरे श्याम की चौंखट पे।bd।

हारने नहीं देगा,
ये तुझको दावा है,
हर पल होगा साथ,
श्याम का वादा है,
'राज मित्तल' सांवरें को,
भावों से रिझाता है,
ये उसे जिताता है,
मेरे श्याम की चौंखट पे।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मेरे श्याम की चौखट पे,
जो भी झुक जाता है,
जो हार के आता है,
सांवरा उसे जिताता है,
उसका हो जाता है,
मेरे श्याम की चौंखट पे।bd।

Singer – Aarti Sharma

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com